## 51 विकास कार्यों का लोकार्पण


**भीम** । उपखंड क्षेत्र की छापली ठााम पंचायत अंतर्गत 20 करोड़ की लागत से विभिन्न 51 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह सोमवार को विधायक सुदर्शन सिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता छापली सरपंच गणपतसिंह ने की। विशिष्ट अतिथि रावत महासभा अध्यक्ष गिरधारीसिंह पीसीसी सदस्य रुपाराम सालवी, ब्लॉक सचिव विजय राम, पूर्व जिला परिषद सदस्य गोविंद सिंह पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह, उदय सिंह, शंकरलाल जैन मोहनलाल वर्मा आशुसिंह गहलोत रावत महासभा पूर्व अध्यक्ष भगवानसिंह खिमाखेड़ा सरपंच मीनाक्षी भील सरपंच सुरेशसिंह दिवेर सरपंच भंवरसिंह बागाना सरपंच विष्णु मेवाड़ा आदि अतिथियों के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने 20 करोड़ की लागत से निर्मित 51 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान

ग्राम छापली से ढाणा सड़क नवीनीकरण कार्य, व फर्ष निर्माण कार्य ढाणा ग्राम भादातो की गुआंर में उच्च जलाशय निर्माण व पाईप लाईन कार्य करवाया जायेगा।

# सांवलिया जी सेठ में एक माह में 10 करोड़ 76 लाख रुपए का नगद चढ़ावा मिला

**मंडफिया।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 13 सितंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में सोमवार को संपन्न हुई। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर ने बताया कि सोमवार को चौथे चरण में हुई गिनती में 58 लाख 10 हजार 425 रुपए नगद प्राप्त हुए।

अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि इससे पूर्व तीन चरणों में हुई गिनती में 9 करोड 17 लाख 60 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि चारों चरण की गिनती को मिलाकर कुल 9 करोड़ 75 लाख 70 हजार 425 रुपए की नगद प्राप्ति हुई। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 88 ठााम सोना व 12 किलो 100 ठााम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 40 ठााम 500 मिली ठााम सोना व 19 किलो 842 ठााम चांदी



**श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में दस करोड़ का चढ़ावा आया।**

भेंट स्वरूप जमा हुई। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में एक करोड़ एक लाख 800 रुपए भेंट जमा किए। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, श्रीलाल पाटीदार, ममतेश शर्मा, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, संपदा प्रभारी कालू लाल तेली, लेहरी लाल गाडरी, कार्यालय के मनीष दाधीच, ऊंकार लाल अहीर, पूरण शर्मा, श्रवण शर्मा, दीपक तिवारी, जितेंद्र त्रिपाठी, नारायण लाल गाडरी सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## दिव्यांग युवती की गला दबाकर हत्या

**प्रतापगढ़** । देवगढ़ सर्कल के खूंटगढ़ गांव के जंगल में दिव्यांग युवती की हत्या कर लाश पेड़ से लटकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक कुलदीप गहलोत पुत्र केरीमल निवासी मंदसौर हाल बारावरदा थाना धमोतर को गिरफ्तार किया है। मामले में अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि 15 सितंबर को बारावरदा निवासी भंवरलाल गुर्जर ने थाना धमोतर पर रिपोर्ट दी कि उसकी मानसिक रूप से कमजोर और दिव्यांग भांजी बीते रोज दोपहर करीब 2:00 बजे घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई। रिपोर्ट पर अंपायर दर्ज कर तलाश शुरू की गई। इसी दौरान शनिवार को थाना देवगढ़ सर्कल के खूंटगड गांव के जंगल में एक युवती की लाश पेड़ पर लटकी मिली। जिसकी पहचान भंवरलाल ने अपनी भांजी के रूप में की।

एसपी कुमार ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर और दिव्यांग युवती की हत्या की घटना की गंभीरता को देख आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा व सीओ आशीष कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ रठांजना मुंशी मोहम्मद के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

# अफीम डोडा चूरा से भरी स्कॉर्पियो पकड़ी

**चित्तौडगढ** । चित्तौडगढ जिले की सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पियो में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 4 क्विटंल 37 किलो 100 ठााम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं साथी आरोपी को नामजद किया गया है।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के तहत एएसपी बुगलाल मीना व डीएसपी बेनीप्रसाद के मार्गदर्शन में सदर निम्बाहेड़ा थानाधिकारी विरेन्द्र सिंह ने चरलिया गदिया पर नाकाबन्दी कर रहे थे। इसी दौरान चरलिया गदिया की तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियो के चालक ने पुलिस टीम को देख अचानक स्कॉर्पियो की गति बढा दी। पुलिस के पीछा करने व तेज गति के कारण स्कॉर्पियो असंतुलित होकर रोड से नीचे उतर कर पत्थरो में जाकर क्षितठास्त होकर रूक गई। स्कॉर्पियो से भागने का प्रयास करते चालक को घेर कर टीम ने पकड़ लिया, दूसरी साईड से भागा व्यक्ति रात का वक्त होने के कारण वह झाडियों में ओझल हो गया। स्कॉर्पियो में पीछे की सीटे नहीं थी, जहां 21 प्लास्टिक के कट्टो में 4 क्विटंल 37 किलो 100 ठााम डोडा चूरा अवैध अफीम डोडा चुरा मिला। अवैध अफीम डोडा चूरा व स्कॉर्पियो जब्त कर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वाहन चालक चित्तौड़गढ जिले के चन्देरिया थाना के सिरोडी निवासी सुरेश चन्द्र पुत्र नाथु लाल जाट को गिरफतार कर लिया। भागने वाला व्यक्ति घनश्याम पुत्र जगदीश आरोपी के गांव का ही है। जिसकी तलाश के लिए टीम भेजी गई है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरे पुत्र का नाम PRADHUMAN PALIWAL से बदलकर कार्तिक पालीवाल रख लिया है। भविष्य में इसी नये से जाना पहचाना जावे।

– महेश पालीवाल
निवासी चुंडावतो का जवालिया
तहसील आमेट जिला राजसमंद




**आम -सूचना**
**भारत सरकार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण मंत्रालय, राजस्थान राज्य स्तरीय राजस्थान के पत्र क्रमांकF-1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (23217)/2021-22-JAIPUR Dated-13/09/2023 के द्वारा मेसर्स विजय शक्ति स्टोन क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड को निकट ग्राम-सेमाल, तहसील देलवाड़ा व जिला -राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा Ref. No. 20231000074700, ML Aera. 1.0043 हेक्टर वास्ते खनिज-मार्बल ग्रेनाइट खसरा संख्या 3613/85, उत्पादन क्षमता 100,000TPA के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA, Rajasthan एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट http://environmentclearance.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

लिज धारक
विजय शक्ति स्टोन
क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड


# मुख्य सचिव ने ली समस्त कलक्टर की बैठक



**जनाधार कार्डधारी परिवारों को किया जाएगा जनसम्मान किट का वितरण।**

**प्रतापगढ़,**। राजस्थान की मुख्य सचिव महोदय उषा शर्मा ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जिला कलेक्टर की बैठक ली। बैठक में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव व जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय हैं की राज्य के जनाधार कार्डधारी परिवारों को जनसम्मान किट का वितरण किया जाएगा।

जनसम्मान किट में जनसम्मान सर्टिफिकेट जन आधार, जनसम्मान सर्टिफिकेट चिरंजीवी, जन आधार कार्ड, राशन वितरण पंजिका, चिरंजीवी कार्ड, चिरंजीवी योजना संबंधी मुख्यमंत्री महोदय का पत्र, चिरंजीवी दुर्घटना बीमा पॉलिसी, आरजीएचएस संबंधी मुख्यमंत्री महोदय के पत्र (सेवारत, सेवानिवृत्त एवं जनप्रतिनिधियों के लिए), आरजीएचएस कार्ड शामिल है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेंद्र राठौर, नगर परिषद आयुक्त जितेंद्र मीणा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी अशोक कुमार मीणा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक जगदीश कुमावत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण शिविर का समापन

**उदयपुर**, (निसं)।राज आर एण्ड वी रेजीमेंट एनसीसी नवानिया की ओर से आयोजित दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ सोमवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कृषि भवन के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कैम्प कमांडेंट कर्नल ई एन मनोज, वीपुल बया, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. सुनिता मुर्डिया ने मॉ सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कैडेट्स द्वारा कुलपति प्रो. सारंगदेवोत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह में केडेट्स द्वारा राजस्थानी, पंजाबी व देश भक्ति गानों पर जमकर प्रस्तुतियॉ दे उपस्थित अतिथियों को मंत्रमूग्ध कर दिया।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने युवाओं का आव्हान किया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कृतज्ञता का भाव, टाईम मैनेजमेंट व सकारात्मक सोच जरूरी है और यही भाव आपको जीवन में सफल बनाता है। सफलता का कोई शोर्ट कट नहीं है, कडी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। प्रारम्भ में केम्प कमांडेट मनोज ने बताया कि दस दिवसीय शिविर में 9 जिलों के 58 संस्थाओं के 440 केडेट्स ने भाग लिया।

# विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने काले कपड़े पहनकर ड्यूटी की

■ **24 सितम्बर को काले कपड़े पहन कर निकालेंगे वाहन रैली**

**डूंगरपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के 15 सूत्री मांग पत्र की मांगों तथा नीतिगत दस्तावेज के कर्मचारी कल्याण का एक भी बिंदु लागू नही करने के विरोध में किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन की श्रृंखला में सोमवार को कर्मचारियों ने काले कपडे पहन कर विरोध दर्ज करवाया।

महासंघ के जिलाध्यक्ष धनेश्वर पंड्या ने बताया कि राज्य सरकार महासंघ के मांग पत्र की लगातार उपेक्षा कर रही है तथा संवादहीनता रख रही है। साथ ही सरकार ने चुनाव से पूर्व जारी अपने घोषणा पत्र जिसको कैबिनेट की प्रथम बैठक में नीतिगत दस्तावेज बना दिया गया था, उसके एक भी बिंदु को लागू नहीं कर प्रदेश के कर्मचारियों से छलावा किया है। जिसके कारण प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में आक्रोश है। इससे आहत होकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने काले कपडे पहन कर विरोध दर्ज करवाया है। महामंत्री हेमन्त कुमार ने बताया कि सरकार सिर्फ कर्मचारी वेलफेयर करने का माहौल बना रही है, जबकि वास्तविकता में एक भी कर्मचारी संवर्ग की वेतन विसंगति दूर नहीं की गई है, हजारों कर्मचारी कैडर स्ट्रेंथन की अपेक्षा पाले बैठे है तथा लाखों संविदा कार्मिको को नियमित करने के स्थान पर संविदा कार्मिक रखने के ही नए नियम बना कर छल किया। महासंघ के जिला उपाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड़ ने बताया कि शासन एवं सरकार लगातार कर्मचारी संगठनों की उपेक्षा कर रही है। सरकार पर ब्यूरोक्रेसी हावी है जिसके परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद भी हजारों तृतीय श्रेणी शिक्षको स्थानानरण नहीं किए। आज के विरोध में मुख्य मांगे:-कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर वर्ष 2013 की अनुसूची 5 के अनुसार सातवें वेतन आयोग में वेतन निर्धारण करने तथा कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26000 करने, 9,18 एवं 27 वर्ष की सेवा पर मुख्यमंत्री की बजट घोषणा संख्या 155 के अनुसार एसीपी के स्थान पर 7,14,21, एवं 28 वर्ष की सेवा पर पदोन्नित पद का वेतनमान स्वीकृत करने, विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सरकार द्वारा किए गए समझौतों एवं सहमतियों को लागू करने, सहायक कर्मचारियों को एमटीएस घोषित करने, अध्यापकों तृ.वे.श्रे.के स्थानान्तरण करने तथा सभी कार्मिकों के लिए पारदर्शी स्थानान्तरण नीति लागू करने, ठाामीण क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों को ठाामीण भत्ता स्वीकृत करने,नियमित पदों पर संविदा कार्मिकों के भर्ती के लिए जारी संविदा नियम 2022 को प्रत्याहारित कर रिक्त पदों पर नियुक्त संविदा कार्मिकों-अस्थाई कार्मिकों को नियमित करने,विभिन्न संवर्गों की मांग के अनुसार उनके पद नाम परिवर्तन किए जावे।


**आम -सूचना**
**भारत सरकार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण मंत्रालय, राजस्थान राज्य स्तरीय राजस्थान के पत्र क्रमांक संख्या F-1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (23213)/ 2021-22-JAIPUR Dated-13/09/2023 के द्वारा मेसर्स विजय शक्ति स्टोन क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड को निकट ग्राम-सेमाल, तहसील देलवाड़ा व जिला -राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा Ref.No.20231000074941, ML Aera. 1.2624 हेक्टर वास्ते खनिज-मार्बल ग्रेनाइट खसरा संख्या 3571/32, उत्पादन क्षमता 100,000 TPA के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रतिSEIAA, Rajasthan एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट http://environmentclearance.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

लिज धारक
विजय शक्ति स्टोन
क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, उदयपुर**

क्रमांक : LU2012/UDP/2023-24/102417 दिनांक: 16/09/2023

**लोक-सूचना**

श्री ARJUN LAL MENARIA पुत्र श्री VIJAY RAM MENARIA जाति BRAHMIN निवासी45/26, DHOL WALI MAGRI, PANERIYO KI MADRI, Udaipur

नेइस कार्यालय में नीचेउल्लिखित भूमिका आवासीयप्रयोजन के उपयोग हेतुऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल( वर्ग मीटर ) | क्षेत्रफल ( हैक्टे. ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मादडी पानेरियान, गिर्वा (उदयपुर) | ARJUN LAL MENARIA S/O VIJAY RAM MENARIA | 1926/966 | 225 | 0.0225 |
| | | | | कुल | 0.0225 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16-09-2023 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, उदयपुर


# तपस्वीयों के वंदन में उमड़ा जन सैलाब

**डूंगरपुर।** जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व के तहत सोमवार को सातवें दिन विविध धामिक अनुष्ठानों का दौर पूर्ण यौवन पर है। मंगलवार को पर्युषण पर्व के अन्तिम दिन संवत्सरी के रूप में मनाया जायेगा। इससे पूर्व अटठम उपवास के तपस्वी का सामुहिक अखण्ड दीप प्रज्ज्वलन, जयकारों के बीच किया गया।

साथ ही इस दौरान सकल जैन समाज के सानिध्य में जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय में तपस्वी का वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे प्रभु भक्ति के गीतो पर सम्पूर्ण जन समुदाय झुम उठा। भक्ति गीतो के तहत देना है तो दीजिये जन्म जन्म का साथ..मेरे सिर पर रख दों अपने ये दोनो हाथ..। दादा तारे जेवों मारे थावों छे..। उडेरे गुलाल दादा थारा मंदिरिया मा..। भज-ले प्रभु का नाम.....,नाम है तेरे तारण हारा, कब तेरा दर्शन होगा...सहित प्रभु की स्तुति में गीतों ने समा बांध दिया और श्रद्धालु झुम कर नाचने लगे। इस दौरान शहर के सकल जैन समाजो के अलावा ठाामीण क्षेत्रो से भी बडी संख्या में धर्म प्रेमी तपस्वी के वंदन में उमडे थे। मंगलवार को संवत्सरी मनाई जायेगी।

पर्युषण पर्व के तहत सोमवार को घाटी स्थित पाश्र्वनाथ मंदिर,महावीर स्वामी मंदिर, फौज का बडला स्थित शांतिनाथ जी मंदिर, माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर,ओटा स्थित नैमिनाथ मंदिर तथा जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में प्रातः दुग्धपक्षाल, केसरपूजा, फूल पूजा, के कार्यक्रम धर्म प्रेमियों ने विधि विधान के साथ किया। इस दौरान मंदिरों में स्नात्रपूजा का आयोजन भी लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। शाम को प्रतिक्रमण किया गया। पर्युषण पर्व के तहत रात्रि को मंदिरों में भजन मण्डली के आयोजन में जब प्रभु-गीतों पर उपस्थित धम प्रेमी नाज उठे तो पूरा वातावरण धर्ममयी हो गया।

## समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली/ उदयपुर,** । वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया और महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी ऑफ एठाीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी उदयपुर के बीच आज दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो वर्ने ग्लोवर एवं एम पी यू ए टी के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने एम ओ यू पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते में पिछले वर्ष हुए समझौते को अगले 5 वर्ष के लिए बढ़ाया गया है । कुलपति डॉ कर्नाटक ने बताया कि यह हम सभी के लिए एक आभूतपूर्ण पल है जिसे संजोया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस एम ओ यू के मध्यम से एमपीयूएटी और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के मध्य शोध और विधार्थियो के उच्च अध्ययन को नये आयाम मिलेंगे। इस समझौते के द्वारा हमारे विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया के श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान में अध्ययन एवं शोध का अवसर मिलेगा।

# बाबा रामदेव दिवस पर भजनों की सरिता बही

**डूंगरपुर।** भाद्रपद की दूज बाबा रामदेव अवतरण दिवस पर शिवाजी नगर सेक्टर 3 रामदेव चौक में श्री रामदेव भक्ति लहर के कलाकारों द्वारा भजनों की सरिता का प्रवाह हुआ। सुंदर आकर्षक रामदेव बाबा की झांकी दर्शनार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रातः काल रामदेव व्रत कथा का पाठ किया गया।

रात्रि 9 बजे भजन संध्या से पूर्व संत आगमन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या विदुषी चिन्मय भारती एवं निलेशा भारती तथा कला साधकों एवं अतिथि भारत विकास परिषद प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पानेरी,तिलक शाखा से उपाध्यक्ष योगेश पंडया का उर्पणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात राधा कृष्ण बनकर आए नन्हे मुन्ने बालक बालिका का सम्मान किया गया जिसमें मानवादित्य सिंह चुंडावत, काव्या, हांसीजा चार्वी अहाड़ा, हर्षिता असवानी माहिर हांसीजा, प्रांसी जेठवा, परवा जेठवा का मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया। भजनों के आगाज में भजन गायक लक्ष्मीकांत जेठवा द्वारा गणेश वंदना में तने सिमरु गजानंद देवाए भोले गिरजापति में हूं तुम्हारी शरण,भादवारी दुजरों मेलो पाछों आ गयो, खम्मा खम्मा हो रुणिचा रा धनिया, हेलो बाबा हेलो मारों सुणजों, हर दर्द की दवा है रणुजा शहर में, किस देवता ने आज मेरा दिल चुरा लिया। कोई आए कोई जाए यह तमाशा क्या है भजनों की सरिता से श्रोतागण झूम उठे। तत्पश्चात गोपाल शर्मा, अनिल खोईवाल, गिरीश जोशी ने भी सु-मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों के साथ तबले पर ओमप्रकाश जेठवा, रविकांत जेठवा, सेंथोसाइजर पर दीपक प्रजापत व नगिन प्रजापत, ढोलक पर राजेश भारद्वाज, झंकार पर निरंजन जेठवा, अर्चित सुथार ने संगत दी आयोजन में धर्मेंद्र व्यास, भूपेश शर्मा, दिव्य प्रकाश जेठवा, पुष्पेंद्रसिंह चुंडावत, बद्री सुथार इत्यादि उपस्थित रहे ।

## एक शाम, हमारे भारत के नाम कार्यक्रम

**डूंगरपुर।** नगरपरिषद और मातृ शक्ति ठाुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले एक शाम हमारे भारत के नाम कार्यक्रम शनिवार 23 सितम्बर को ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा। काय्र्रकम को लेकर नगरपरिषद और मातृ शक्ति ठाुप ने तैयारियां शुरू कर दी है। मातृ शक्ति ठाुप की ऋतु शाह ने बताया कि महिलाओं द्वारा विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, निबंध और सांस्कृतिक काय्र्रकम के तहत सम्पर्क शुरू कर दिया है। शाह ने बताया कि परिषद सभापति अमृत कलासुआ ने निर्देशन में एक संयुक्त सांस्कृतिक काय्र्रकम बनाया गया है, जिसमें 20 से 22 सितम्बर तक विद्यालयों में हमारे देश भारत की संस्कृति, आजादी, धर्म, महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी और कला सहित अन्य विषयों पर चित्रकला, निबंध और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 23 सितम्बर को ऑडिटोरियम में एक भव्य देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सोमवार को विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक काय्र्रकम की तैयारियां शुरू कर दी है जिमसे मातृ शक्ति ठाुप की महिलाओ द्वारा उन्हें नृत्य का अभ्यास भी कराया जा रहा है।


प्रारूप 10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय नगरपरिषद सलुम्बर जिला सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांकः-क्र.भू.नि./2023-24/2273-75 दिनांकः- 18.09.2023

**लोक-सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा कृषि भूमि नियमन 90-क के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर उनके नाम के आगे अंकित भूमि का कृषि भूमि से आवासीय नियमन/प्रयोजनार्थ चाहा गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ती हो तो इस लोक-सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी आपत्ती मय दस्तावेज एवं सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद कोई भी आपत्ती काबिले समायत नहीं होगी एवं कृषि भूमि नियमन 90-क की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या साईज व स्थान | चाहा गया भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अमित कुमार जैन पिता श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती चन्दा देवी सुथार पत्नि श्री भुपेन्द्र सुथार एवं श्री नरोत्तम पुरोहित पिता श्री भंवरलाल पुरोहित एवं निर्मला देवी सोनी पत्नि श्री ललित प्रसाद सोनी एवं फतेह कूंवर पत्नि स्व. श्री भंवर लाल पुरोहित एवं श्री बिहारी लाल पुरोहित पिता श्री भंवरलाल पुरोहित एवं श्री महिपाल जैन पिता श्री लक्ष्मीलाल जैन एवं रैना देवी सोनी पत्नि श्री ललित प्रसाद सोनी एवं श्री रामभरोसे पुरोहित पिता श्री भंवर लाल पुरोहित एवं श्रीमती रीना कुंवर पत्नि श्री करण सिंह पंवार निवासीयान-सलूम्बर जिला सलूम्बर | आराजी नम्बर 408 रकबा 0.1600 हैक्टेयर कुल किता 01 क्षैत्रफल, 0.1600 हैक्टेयर ग्राम सुदूर, पटवार क्षैत्र, सलूम्बर, तहसील-सलूम्बर, जिला सलूम्बर | कृषि भूमि से आवासीय नियमन/ प्रयोजनार्थ हेतु |

आयुक्त, नगर परिषद सलूम्बर


## रीको में औद्योगिक भूखण्डों की होगी नीलामी

**राजसमन्द** । राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) द्वारा राजसमंद के कुरज औद्योगिक क्षेत्र के 500 वर्ग मीटर के 2 भूखण्ड की ई-वेस्ट डिस्मेंटलिंग एवं रीसाइक्लिंग सुविधाओं के लिए नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 15 सितंबर से शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक श्र आर.के.गुप्ता ने बताया किइन भूखंडों की बिड दिनांक 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक लगाई जाएगी। शेष विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 250 वर्गमीटर से 18714 वर्गमीटर तक के कुल 20 भूखण्डों की ई-नीलामी प्रक्रिया दिनांक 19 अगस्त से शुरू हो रही है। गुप्ता ने बताया कि रीको के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों यथा धोइन्दा के 3 एवं कुरज के 8 औद्योगिक भूखण्ड शामिल हैं।

## दीवार ढहने से महिला मरी

**उदयपुर** । जिले के पाटिया थाना क्षेत्र के कलवयी गांव में सोमवार सुबह दंत करते सुमय दीवार ढहने से एक महिला की मौत हो गया। बबली देवी (60) सुबह अपने मकान के बाहर दंत कर रही थी उस समय तेज बारिश होने से दीवार ढह गई थी। सूचना मिलने पर थानाधिकारी उमेदी लाल मौके पर पहुंचे।

# शिक्षक समायोजन, नई शिक्षक भर्ती नियुक्ति को लेकर दिया ज्ञापन

**मावली** । राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ मावली ने प्रदेश के क्रमोन्नत विद्यालय तथा रूपांतरित महात्मा गांधी अंठोजी विद्यालय से अधिशेष हुए शिक्षकों के समायोजन, टीएसपी से नॉन टीएसपी समायोजन से वंचित शिक्षकों के समायोजन ,तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले, डीपीसी, नई शिक्षक भर्ती में दिव्यांग व गंभीर बीमारी से ठासित अभ्यर्थियों को उनके गृह जिलों में पोस्टिंग दिलाए जाने की मांग को लेकर

■ **मावली कस्बे में आज खंड अधिकारी श्रीकांत व्यास को ज्ञापन सोपा ज्ञापन ज्ञापन में बताया कि**

ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार खटीक के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी मावली को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश के क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयो तथा



**राजस्थान शिक्षक संघ ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**

रूपांतरित महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम के विद्यालयो से अधिशेष हुए बीस हजार शिक्षकों की नये शिक्षकों की नियुक्ति से पूर्व काउंसलिंग आयोजित कराकर प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयो में समायोजन करने, समय पर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने, शिक्षा विभाग में तीन सालों से वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याता वर्ग की रुकी हुई डीपीसी प्रारंभ कराने तथा टीएसपी से नॉन टीएसपी में 1903 शिक्षकों सहित समायोजन से वंचित शिक्षकों का उनके गृह जिलों में समायोजन कराने, तथा नई शिक्षक भर्ती में विधवा, परित्यता, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से ठासित अभ्यर्थियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके गृह जिलों में नियुक्ति दिलाए जाने को लेकर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रकाश भारती, जितेंद्र माली, कानाराम चौहान, लोमेश पाराशर, कपिल बेनीवाल ,अनिल बदनका, भूपेंद्र पाठक, शशि मीणा उपस्थित थे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 05.07.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. कृष्णा ट्रेडर्स, 2. रचना महावीर सिंह शेखावत, 3. विक्रम सिंह बी. राठौड, को जारी किया गया था, जिसमें 05.07.2023 की तिथी को देय, मांगपत्र में उल्लेखित राशी रुपये 1,18,30,612.47/- (अक्षरे रुपये एक करोड़ अठारह लाख तीस हजार छः सौ बारह और पैसे सैंतालीस मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज सितम्बर 2023 के 15वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन राशी रुपये 1,18,30,612.47/- (अक्षरे रुपये एक करोड़ अठारह लाख तीस हजार छः सौ बारह और पैसे सैंतालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

प्लाट नं. 24, ग्राम रैवारियों का गुरा, खसरा नं. 731 से 735, उदयपुर, राजस्थान-313001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें निम्न है- पूर्व-प्लाट नं. 25, पश्चिम-प्लाट नं. 23, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-प्लाट नं. 17

दिनांक- 15 सितम्बर 2023
स्थान- उदयपुर
ऋण खाता संख्या- 19320364 एवं 32278929

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

